प्रेषक:–

दिनांक 29. दिसम्बर 2014

हर्षकुमार

वरि0 भूवैज्ञानिक (से0नि0)

64 कालिन्दी एनक्लेव बल्लीवाला चौक, देहरादून

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लोकनिर्माण विभाग
बड़कोट–उत्तरकाशी

विषय: मार्ग समरेखन की भूगर्भीय निरीक्षण आख्या।

महोदय,

निर्माण खण्ड, लो0 नि0 वि0 बड़कोट से सम्बंधित बगासू से बलाड़ी मोटर मार्ग के निर्माण हेतु प्रस्तावित समरेखन की भूगर्भीय निरीक्षण आख्या सूचनार्थ एंव आगे की आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है।

संलग्न:– उक्त आख्या।

H. Kumar 29.12.14
(हर्ष कुमार)
वरि0 भूवैज्ञानिक (से0नि0)
लोक निर्माण विभाग

सहायक अभियन्ता
लोक निर्माण विभाग
निर्माण खण्ड, बड़कोट (उत्तरकाशी)

(ख) यह सुनिश्चित किया जाये कि पूरे खन मे प्रस्तावित हे यर पिन बैण्ड कम ढलान युक्त स्थिर भू मि मे सावधानीपूर्वक बनाये जाये।

(ग) तीव्र ढ़ लान मे मार्ग की एक से अधिक आर्म्स की स्थिति को avoid किया जाना चाहिए। अन्यथा मार्ग के कटान के बाद स्थानीय भू स्खलन हो ने तथा मार्ग के क्षतिग्रस्त हो ने की सम्भावना हो सकती है।

5. बगासू
समरेख
उपयुक्त
6. टिप्पणी:
भूमि ह
उपलब्ध
मार्ग क
विशिष्ट
जाये।

समरेखन के समीप स्थित घरों से सुरक्षित दूरी रखते हुये बिना विस्फोटकों का प्रयोग किये मार्ग कटान किया जाये।

समरेखन में अपेक्षाकृत तीव्र पहाड़ी ढलान वाले भाग में सावधानीपूर्वक मार्ग कटान किया जाये जिससे कोई अस्थिरता उत्पन्न न हो।

जहाँ मार्ग कटान की ऊंचाई अधिक हो और स्ट्रेटा कमजोर हो, विशेष रूप से आबादी वाले भाग में एवं बैंड्स पर, मार्ग कटान के साथ–साथ समुचित ब्रेस्ट वाल का निर्माण कराया जाये।

जहाँ आवश्यक हो, मार्ग के ऊपर व नीचे पहाड़ी ढलान पर समुचित पौधों का रोपण किया जाये, जिससे ढलानों पर भूक्षरण की प्रक्रिया को नियंत्रित रखा जा सके।

वर्षा के पानी की समुचित निकासी हेतु रोडसाईड ड्रेन एवं स्कपर का प्रावधान किया जायें। यह भी सुनिश्चित किया जाये कि स्कपर के पानी से भूक्षरण न हो।

पर्वतीय क्षेत्र में मार्ग के निर्माण के लिये निर्धारित सिविल अभियांत्रिकी के अन्य मानको एव विशिष्टियों का भी पालन किया जायें।

मार्ग के नवनिर्माण विषयक स्थायित्व सम्बन्धी बिन्दुः–

मार्ग कटान के पश्चात् हिल साईड में जिस स्थान पर over burden material होगा तथा पहाड़ी ढलान slope forming material के angle of repose से अधिक होगा उस भाग में वर्षाकाल में पहाड़ी ढलान के अस्थिर होने की सम्भावना हो सकती है।

बगासू से बलाड़ी मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 3.70 कि0 मी0 लम्बाई का प्रस्तावित समरेखन वर्तमान परिस्थितियों में उपरोक्त सुझावों के साथ मार्ग निर्माण के लिये उपयुक्त प्रतीत होता है। इस हेतु प्रस्तावित भूमि भूगर्भीय दृष्टि ये उपयुक्त है।

टिप्पणीः–

भूमि हस्तातरण की दृष्टि से समरेखन क्षेत्र में किये गये निरीक्षण एवं खण्ड द्वारा उपलब्ध कराये गये सर्वेक्षण विवरण के आधार पर यह एक जनरलाइज्ड आख्या है। मार्ग कटान के पश्चात स्थिति में परिवर्तन भी सम्भव है। समरेखन/मार्ग पर किसी विशिष्ट बिन्दु पर यदि सुझाव की आवश्यकता हो तो उसे अलग से अवगत कराया जाये।

सहायक अभियन्ता लोक निर्माण विभाग [illegible] (उत्तरकाशी)	H. Kumar 29.12.14 (हर्ष कुमार) वरि0 भूवैज्ञानिक (से0नि0) लोक निर्माण विभाग

प्रपत्र 34

परियोजना का नाम	:–	**जनपद उत्तरकाशी में विकास** खण्ड नौगांव के अन्तर्गत बगासू से बलाड़ी **मोटर मार्ग निर्माण हेतु 1.835** है0 वनभूमि का हस्तान्तरणं

भू–वैज्ञानिक की संस्तुतियों/सुझावों का अनुपालन किये जाने का प्रमाण–पत्रं

प्रमाणित किया जाता है कि विशयगत परियोजना के निर्माण हेतु भू–वैज्ञानिक द्वारा दिये गये सुझावों / संस्तुतियों का अनुपालन सुनिष्चित किया जायेगां

कनिष्ठ अभियन्ता
निर्माण खण्ड,
लो0नि0वि0,बडकोट

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड,
लो0नि0वि0,बडकोट

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड,
लो0नि0वि0,बडकोट